तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री से.
न्यूनतम 15.7 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

12 बरसात से अनाज मंडियों में धान खराब, गीली बोरियों ..



12 हनुमान की भव्य झांकी में उमड़ी श्रद्धालुओं ...



खबर संक्षेप

रंजिश में दो भाइयों पर कटर से हमला, केस

यमुनानगर। शहर के पुराना हमीदा में टावर के पास रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों ने दो भाइयों पर कटर से हमला कर दिया। इसमें बाल्मीकि बस्ती निवासी रिहान और फरहान घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। रिहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके भाई फरहान की कैफ और अयान से कहासुनी हुई थी। 14 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे कैफ ने अपने भाई अयान, आरिश, मनु, निहाल और रहीम के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला लापता

यमुनानगर। गांव टोपरा कलां में लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली 40 वर्षीय महिला बिना बताए घर से गायब हो गई। पुलिस ने महिला के पार्टनर की शिकायत पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। गांव टोपरा कलां निवासी कुलविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 40 वर्षीय राजबाला उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। 14 अक्टूबर को वह किसी काम से घर से बाहर गया था। जब वह वापस लौटा तो राजबाला घर पर नहीं थी। उसने इधर उधर काफी तलाश की मगर राजबाला का कुछ भी पता नहीं चला। उसने राजबाला के गायब होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी

यमुनानगर। जगाधरी के गौरी शंकर मंदिर के नजदीक स्थित दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने गल्ले से 20 हजार रुपये कैश व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गौरी शंकर मंदिर जगाधरी निवासी हर्ष गुप्ता ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी घर के नजदीक दुकान है। 14 अक्टूबर को रात 10 बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह 10 बजे जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान के गल्ले से 20 हजार रुपये, 1500 रुपये नोटों के दो हार तथा अन्य सामान गायब मिला।

डंफर ने यूपी प्रवासी कारीगर को कुचला

पानीपत। पानीपत के बबैल बाइपास पर शुक्रवार की दोपहर को डंपर ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। डंपर का पहिया युवक के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के रामड़ा गांव निवासी अफसरून के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अफसरून पानीपत की एक फैक्ट्री में टैक्सटाइल का मास्टर कारीगर
के रूप में काम करता था।

झूठी निकली 10 लाख की लूट की घटना

पानीपत। पानीपत के थाना चांदनी बाग क्षेत्र में फॉरेक्स एंड ट्रैवल्स कंपनी के कर्मचारियों पर 10 लाख रुपये हड़पने के लिए लूट की झूठी कहानी गढ़ने का आरोप लगा है। पुलिस ने कंपनी मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सेक्टर-25 निवासी सुरेंद्र सिंह गर्ग ने बताया कि उनकी वरदान फॉरेक्स एंड ट्रैवल्स कंपनी में हर्ष और प्रहलाद डिलीवरी कैश का काम करते हैं। 8 सितंबर को दोनों को 10 लाख रुपये देकर शक्ति नामक व्यक्ति को सौंपने भेजा था। रकम नहीं पहुंची तो पूछताछ की गई। एसडीवीएम स्कूल के पास बाइक सवार दो युवकों द्वारा बैग लूटने की कहानी सुनाई। कंपनी मालिक को शक होने पर जांच की गई तो लूट की कहानी फर्जी निकली। आरोप है कि हर्ष ने रुपये हड़पने के लिए साजिश रची थी।

लॉ विभाग से कुलपति कार्यालय तक निकाला रोष मार्च

कुवि में प्रोफेसर से मारपीट के विरोध में धरना-प्रदर्शन

- वीसी कार्यालय के सामने धरना देकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग
- बाहरी लोगों और वाहनों की आवाजाही पर निगरानी बढ़ाने की उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के साथ मारपीट और छात्राओं को स्कॉर्पियो से टक्कर मारने की घटना के विरोध में शुक्रवार को विद्यार्थी और प्रोफेसर सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने लॉ विभाग से कुलपति कार्यालय तक रोष मार्च निकाला और वीसी कार्यालय के सामने स्थित चौक पर धरना देकर विरोध जताया। विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और बाहरी लोगों की आवाजाही पर निगरानी बढ़ाने की मांग की। मामला 14 अक्टूबर का है। आरोप है कि काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार कुछ बाहरी युवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में जा रही दो छात्राओं को टक्कर मार दी। इसके बाद विरोध करने पर बीच-बचाव करने आए लॉ विभाग के एक प्रोफेसर के साथ मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



कुरुक्षेत्र। वीसी कार्यालय के सामने स्थित चौक पर धरना देकर विरोध जताते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शनकारियों ने घटना पर नाराजगी जताई

शुक्रवार दोपहर विद्यार्थी लॉ विभाग में एकत्रित हुए। इसके बाद उन्होंने कुलपति कार्यालय तक रोष मार्च निकाला और वहां धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करने और बाहरी वाहनों व व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रभावी निगरानी रखने की मांग उठाई।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि परिसर में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय में बाहरी लोगों और वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी निगरानी होनी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। विद्यार्थियों का कहना है कि शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और कार्यरत शिक्षकों को सुरक्षित माहौल मिलना जरूरी है। घटना के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और बाहरी लोगों के प्रवेश को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही, विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वारों पर निगरानी बढ़ाने, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की समीक्षा करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करके ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकती है। घटना को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के बीच नाराजगी बनी हुई है।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने किया कन्या स्कूल का निरीक्षण

स्कूल में सफाई व्यवस्था मिली खराब प्रिंसिपल को नोटिस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने शुक्रवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर का निरीक्षण किया। स्कूल में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित पार्षद को फोन कर नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, प्रिंसिपल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन ने स्कूल में मरम्मत एवं रखरखाव, पॉक्सो कमेटी, स्टॉक रजिस्टर और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और स्मार्ट बोर्ड की कार्यप्रणाली भी देखी।



मिड-डे मील का भोजन चखा

चेयरपर्सन ने स्कूल की रसोई का निरीक्षण कर मिड-डे मील का भोजन स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता जांची। उन्होंने निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाने और स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश दिए

चार अन्य संस्थानों का भी किया निरीक्षण

तृप्ति श्योराण ने जिला जेल, गांव रतनगढ़ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र, जिला नागरिक अस्पताल और श्रद्धानंद बालाश्रम का भी निरीक्षण किया। बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

यमुनानगर। जगाधरी रोड पर गांव कलानौर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार 47 वर्षीय देवेंद्र कुमार की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार नवलेश कुमार घायल हो गया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव मेहर माजरा निवासी गोपाल ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे उसके मामा देवेंद्र कुमार बाइक से जा रहे थे। गांव कलानौर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में देवेंद्र और जोगिंदर नगर निवासी नवलेश घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

पेट्रोल पंप की डीलरशिप के नाम पर 60 लाख की ठगी

अंबाला। पेट्रोल पंप की डीलरशिप दिलाने के नाम पर कैथल के एक व्यापारी से 60 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि गुरुग्राम निवासी उमंग चौधरी ने रुपये वापस मांगने पर फर्जी चेक दिए और झूठे मुकदमों में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। सीआईए-1 की जांच के बाद थाना बलदेव नगर में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का केस दर्ज किया गया है। कैथल के आदर्श नगर निवासी अनुराग गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मई 2025 में उनकी मुलाकात उमंग चौधरी से हुई थी। आरोपी ने खुद को गुरुग्राम स्थित मैसर्स ऋतु फ्यूल जंक्शन पेट्रोल पंप का मालिक बताया और डीलरशिप दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये मांगे। शिकायत के अनुसार, उन्होंने मई 2025 में जगगी सिटी सेंटर के पास आरोपी को नकद राशि दी थी। जांच अधिकारी एएसआई कंवलजीत सिंह ने बताया कि मामले में कॉल डिटेल रिकॉर्ड और बैंक खातों की जांच की जा रही है।

अंबाला: मारुति 800 कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला

अंबाला। अंबाला शहर के आर्य चौक पर शुक्रवार को एक मारुति 800 कार में अचानक आग लग गई। कार के इंजन से पहले धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग भड़क उठी। मौके पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने राहगीरों की मदद से आग पर काबू पाया।इस दौरान वहां से गुजर रहे पानी के कैंपर वाले ई-रिक्शा को रुकवाकर पानी लिया गया और कार में लगी आग को बुझाया। घटना में ड्राइवर सुरक्षित बच गया और कोई जनहानि नहीं हुई। कार ड्राइवर के अनुसार वह अंबाला शहर का रहने वाला है। आर्य चौक के पास पहुंचने पर अचानक कार गर्म होने लगी। उसने गाड़ी सड़क किनारे की लेकिन इसी दौरान इंजन से धुआं निकलने लगा और कार में आग लग गई। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आर्य चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने बताया कि वे चौक पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान मुड़ते समय कार में आग लग गई। पुलिसकर्मियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार के गेट खुलवाए और बोनट उठाकर पानी डाला। इसी बीच वहां से गुजर रहे पानी के कैंपर वाले ई-रिक्शा को रुकवाया गया। उसमें मौजूद पानी की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिसकर्मी के मुताबिक ड्राइवर आग लगते ही कार से बाहर निकल गया था। पुलिस और राहगीरों ने मिलकर आग बुझाई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

- ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने राहगीरों की मदद से पानी डालकर आग पर पाया काबू

अंबाला: रेलवे स्टेशन के शौचालय में मिला 23 वर्षीय युवक का शव

अंबाला। अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन के एंट्री गेट के पास बने शौचालय में 23 साल के युवक का शव मिला। युवक का शव शौचालय के अंदर बने टॉयलेट में मुंह के बल पड़ा था। सूचना मिलने पर जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक की पहचान पंजाब के पटियाला जिले के गांव बलबेहड़ा के गुरमीत वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव के पास मिले मोबाइल फोन के जरिए परिजनों को सूचना दी। इसके बाद मृतक के पिता भारत वर्मा और बड़े भाई ने अंबाला कैंट जीआरपी थाने पहुंचकर शव की पहचान की। पुलिस के अनुसार, रेलवे मेमो, घटनास्थल के हालात, शव के निरीक्षण और परिजनों व गवाहों के बयानों के आधार पर मौत किसी बीमारी के कारण प्राकृतिक रूप से होने की आशंका है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गुरमीत वर्मा हार्वेस्टर मशीन चलाने का काम करता था। वह काम के सिलसिले में महाराष्ट्र जाने के लिए 14 अक्तूबर को घर से निकला था। अब उसका शव स्टेशन के शौचालय में मिला।

सुलभ शौचालय के कर्मचारी अमन मौर्य की सूचना पर जीआरपी ने कार्रवाई की। पुलिस ने अंबाला कैंट सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।

- काम के सिलसिले में महाराष्ट्र जाने के लिए 14 अक्टूबर को घर से निकला था युवक

जुआ खेलते 14 युवक गिरफ्तार 1.87 लाख रुपये की नकदी बरामद



करनाल। पुलिस चौकी सदर बाजार के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शालीमार कॉलोनी स्थित एक मकान में छापेमारी कर जुआ खेलते हुए 14 युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से जुए में इस्तेमाल किए जा रहे 751 ताश के पत्ते और दांव पर लगी 1 लाख 87 हजार 350 रुपये की नकदी बरामद की। सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस, के नेतृत्व में जुआ, सट्टेबाजी और अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत देर रात गश्त के दौरान पुलिस टीम को शालीमार कॉलोनी के एक मकान में 14 युवकों के जुआ खेलने की गुप्त सूचना मिली। टीम ने तुरंत दबिश देकर सभी को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण, निवासी गली नंबर-1, शक्तिनगर, रामनगर; कपिल, निवासी काछवा रोड, रामनगर; नरेंद्र कुमार राजेश, निवासी वास्तु सोसाइटी, सेक्टर-35; नवीन, निवासी प्रेम नगर; रवि , अभिषेक, मांगे राम और प्रवीण पुत्र मैयालाल, निवासी हांसी रोड; अश्वनी कुमार, निवासी शिव कॉलोनी; मिंटू और अजय, निवासी गप्पू वाला बाग, शिवाजी कॉलोनी; राजकुमार , निवासी हांसी रोड; तथा अजीत, निवासी शिवाजी कॉलोनी, विश्वकर्मा मंदिर के नजदीक, करनाल के रूप में हुई।

टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में आग, दो मजदूर झुलसे



यमुनानगर। जिले छछरौली क्षेत्र के गांव बलाचौर स्थित टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह अचानक धमाके के साथ आग लग गई। आग की लपटों में टायरों समेत लाखों रुपये का अन्य सामान जल गया। वहीं, आग लगने से दो मजदूर भी झुलसने से घायल गए। दोनों मजदूरों को अस्पताल में भरती करवाया गया। जानकारी के मुताबिक गांव बलाचौर में टायरों से तेल निकालने वाली फैक्ट्री है। शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब अचानक फैक्ट्री में एक तेज धमाका हुआ। बताया गया है कि फैक्ट्री में गैस बैलून फटने से धमाका हुआ है। हालांकि इसकी जांच की जा रही है। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्त के बाद आग को बुझाया गया। जब तक आग को बुझाया गया तब तक फैक्ट्री में एक ट्रक और वहां रखे टायर जल गए। जिनके जलने से लाखों का नुक्सान हुआ। फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर हरबंस व लेखराज ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह फैक्टरी परिसर में बने कमरे आराम कर रहे थे। इस दौरान तेज धमाका हुआ। वह तुरंत कमरे से बाहर निकले तो फैक्ट्री में आग की लपटें उठ रही थी। उन्होंने बताया कि आग लपटों की चपेट में आने से जिला लखीमपुर यूपी निवासी महेश व ट्रक चालक झुलस गया। जिन्हें अस्पताल में भरती करवाया गया। छछरौली थाना प्रभारी वेदपाल ने बताया कि फैक्टरी में धमाका कैसे हुए और आग कैसे लगी के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही सही जानकारी मिलने की संभावना है।

हरियाणवी लोक संस्कृति और पारंपरिक वाद्य कला को बढ़ावा देने की पहल

राज्य स्तरीय नगाड़ा प्रतियोगिता में 20 दलों ने दिखाई प्रतिभा

प्रथम विजेता दल को 75 हजार, दूसरे को 65 हजार और तीसरे को मिलेंगे 55 हजार रुपये

पद्मश्री महाबीर गुड्डू समेत तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने किया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा की लोक संस्कृति और पारंपरिक वाद्य कला को बढ़ावा देने के लिए कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से हरियाणा कला परिषद की भरत मुनि रंगशाला में राज्य स्तरीय नगाड़ा (बंचारी) प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 20 दलों ने नगाड़ा वादन की प्रस्तुतियों से लोक संगीत की समृद्ध परंपरा की झलक पेश की। विभाग के महानिदेशक डॉ. आदित्य दहिया के दिशा-निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कलाकारों ने हरियाणवी पगड़ी और धोती-कुर्ते जैसे पारंपरिक परिधानों में नगाड़ों के साथ बांसुरी, बीन, चिमटा और हारमोनियम की संगत से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पद्मश्री महाबीर गुड्डू, लोक कलाकार गुलाब सिंह खंडेलवाल और प्रो. लोकेश शर्मा शामिल रहे। निर्णायकों ने कलाकारों की लय, तालमेल, पारंपरिक शैली और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया।



कुरुक्षेत्र। नगाड़ा की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की उपनिदेशिका डॉ. दीपिका और रेणु हुड्डा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं पारंपरिक लोक कलाओं के संरक्षण और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नगाड़ा वादन हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है और ऐसे आयोजन लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 75 हजार रुपये, द्वितीय स्थान वाले दल को 65 हजार और तृतीय स्थान वाले दल को 55 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा पांच सांत्वना पुरस्कारों के तहत चयनित प्रत्येक दल को 10 हजार रुपये मिलेंगे। निर्णायक मंडल के फैसले के बाद विजेता दलों के नाम घोषित किए जाएंगे। कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी, लेखा अधिकारी सत्यभूषण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंच संचालन विकास ने किया। इस अवसर पर अतिथियों को शॉल और शंख भेंट कर सम्मानित किया गया।



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

अनुबंधित प्रोफेसरों के नियमितीकरण की मांग उठाएगा एचफुक्टो

कुरुक्षेत्र। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) ने राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत पात्र अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के नियमितीकरण की मांग को एचफुक्टो के चार्टर ऑफ डिमांड्स में शामिल करने की अपील की है। एचफुक्टो के प्रदेश प्रधान एवं कूटा प्रधान प्रो. जीतेंद्र खटकर ने मांग का समर्थन करते हुए इसे सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।हुकटा प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. श्वेता कश्यप ने कहा कि अनुबंधित शिक्षक पूर्ण शैक्षणिक योग्यता के साथ वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें रोजगार सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने नीतियों और न्यायालयों के फैसलों का हवाला देते हुए पात्र शिक्षकों के लिए स्थायी नियमितीकरण नीति बनाने की मांग की। डॉ. तनु शर्मा और डॉ. स्नेहलता ने भी शिक्षक हितों के लिए साझा संघर्ष जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. अनिल, डॉ. अश्वनी दहिया, डॉ. रविंदर जांगड़ा, डॉ. सतपाल, डॉ. संजीव ग्रेवाल, डॉ. महेश, डॉ. सरिता, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. जसबीर, डॉ. प्रयंत, डॉ. दिशा कक्कड़, डॉ. पलक बजाज, डॉ. ईशा, डॉ. शीतल, डॉ. सरिता मान, डॉ. दीपिका सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पीपीटी प्रतियोगिता में मनु ने पाया प्रथम स्थान



रादौर। ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में शुक्रवार को कंप्यूटर साइंस विभाग के तत्वावधान में डिजिटल इंडिया एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एसके सिंह ने की। जबकि प्रतियोगिता की संयोजक सहायक प्रोफेसर शमा रही।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से डिजिटल तकनीक तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में मनु ने प्रथम, राधिका, निलेश एवं शिवम ने द्वितीय व रिया, सृष्टि एवं महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि नमन एवं वंश को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को निरंतर नई तकनीकों का ज्ञान प्राप्त करने, रचनात्मक सोच विकसित करने तथा शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रो.रीतु बेनिवाल, डॉ.नैंसी एवं डॉ.रामास्वामी व प्रो.डॉ.कुलदीप सिंह ने सहयोग किया।

छठे नवरात्र पर मंदिरों में भक्तों ने की मां कात्यायनी की पूजा

शारदीय नवरात्रों में मां के मंदिरों में बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

मंदिरों में माता के दरबार में पहुंचकर मां के भक्तों ने चढ़ाया नारियल और चुनरी, शहर में कई स्थानों पर मां के जागरण करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। जागरण में भजन-कीर्तन कर मां का गुणगान करते श्रद्धालु।

शारदीय नवरात्र के छठे नवरात्र पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर स्वरुप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। खास बात यह है कि नवरात्र के दौरान रात्रि के समय कई स्थानों पर मां भगवती के जागरण किए गए। जिनमें भजन गायकों ने मां के भजनों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालु जिले के मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने मां के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबस से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं, कई स्थानों पर मां के जागरण करवाए गए। जिनमें भजनों के माध्यम से मां का गुणगान किया गया।

अमोघ फल देने वाली है मां कात्यायनी

मां शीतला माता मंदिर के पुजारी पंडित राजेश्वर ने बताया कि मां दुर्गा का छठा स्वरुप कात्यानी इसलिए पड़ा, क्योंकि महर्षि कात्यायन ने भगवती की कठोर तपस्या द्वारा माता से उनकी पुत्री के रुप में अवतरित होने का वरदान प्राप्त किया। कालांतर में ऋषि के यहां भक्तों के कल्याणार्थ कात्यायनी का प्रादुर्भाव हुआ। मां का यह स्वरुप अमोघ फल देने वाला है। इस मां के स्वरूप की अराधना ब्रज धाम की गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पाने के ली की थी। मान्यता है कि मां कात्यायनी का जप तक करने से मनोकामना पूरी होती है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन सिंह है। इनके दर्शन से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यानी चारों फलों की प्राप्ति संभव है।



रादौर। मून स्टार प्री स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

मून स्टार प्री स्कूल में मां नव दुर्गा के रूप में बच्चियां बनी आकर्षण का केंद्र

रादौर। मून स्टार प्री स्कूल रादौर में शुक्रवार को नवदुर्गा अष्टमी का त्यौहार धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान छोटी-छोटी बेटियां नवदुर्गा के नौ अवतारों के रूप में तैयार होकर विद्यालय में आई। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले नवदुर्गा के नौ रूपों की आरती की गई तथा कन्या पूजन किया व प्रसाद भी वितरित किया। बच्चों ने माता रानी के गीतों पर डांडिया भी खेला व नृत्य भी प्रस्तुत किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने विद्यार्थियों को बताया कि नवदुर्गा अष्टमी का पर्व मां दुर्गा की शक्ति, भक्ति व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इन दिनों में हम मां महागौरी से सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। विद्यालय की को-ऑर्डिनेटर रितु देवी ने भी बच्चों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। मौके पर नीतू, अनु, उमा, आंचल, शिवानी, वर्षा, सिमरन, बबीता, मीनू, रानी, शुभम, कृष्ण आदि मौजूद थे।

- नवदुर्गा अष्टमी का पर्व मां दुर्गा की शक्ति, भक्ति व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक : रसमीन

जनहित कार्य करने वाले हैं सम्मान के अधिकारी: बहमनी



यमुनानगर। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अमांश वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में मेयर कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर जनहित एवं समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों व कर्मचारियों और होमगार्ड प्रभारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मेयर सुमन बहमनी ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता सोसायटी की संस्थापक अमरजीत कौर संधू ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का समन्वय एवं मंच संचालन नगर निगम सोशल मीडिया प्रभारी मुक्ता द्वारा किया गया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि जनहित के लिए निष्ठा व समर्पण के साथ काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी सम्मान के हकदार हैं। ऐसे सम्मान समारोह कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के साथ साथ उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। भविष्य में भी सभी अधिकारी व कर्मचारियों इमानदारी व निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छए सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए प्रशासन के साथ सामाजिक संस्थाओं और आमजन की भागीदारी भी जरूरी है। अमांश वेलफेयर सोसायटी जैसी संस्थाओं का सहयोग सराहनीय है। नगर निगम भविष्य में भी सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाएगा। मौके पर अमांश वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मुख्यातिथि एवं मेयर सुमन बहमनी को पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद जनहित एवं समाज के लिए सराहनीय कार्य करने वाले नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, जन जागरूकता, निगम के विभिन्न अभियानों व सामाजिक सेवा कार्यों में सराहनीय योगदान दिया। जिसके चलते उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर सोसायटी की संस्थापक अमरजीत कौर संधू ने बताया कि सोसाइटी नगर निगम के साथ मिलकर शहर की स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण एवं पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य कर रही है।

विद्यार्थी कानूनी अधिकारों व पर्यावरण के कर्त्तव्यों के प्रति रहें जागरुक: कादियान

- जियोटेक्निकल एक्सप्लोरेशन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। शिविर में जागरूक करती सीजेएम सुमित्रा कादियान।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मासिक कार्य योजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव लेदी में एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कानूनी जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मौके पर पैनल अधिवक्ता पुनित कुमार भी मौजूद रहे। सीजेएम सुमित्रा कादियान ने विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम मध्यस्थता विधि, मौलिक अधिकार, दहेज प्रथा, बाल विवाह, पोक्सो कानून, सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र स्थाई लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, पीड़ति मुआवजा योजना व नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। 12 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सैनी मौजूद रहे।



रादौर। महाराणा प्रताप पार्क में पौधारोपण करते सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पौधारोपण कल की पीढ़ियों का भविष्य : सैनी

रादौर। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने शुक्रवार को पार्क में पांच पौधे लगाकर अपना जन्मदिवस मनाया। रादौर के महाराणा प्रताप पार्क में अपने जन्मदिवस पर पौधारोपण करते हुए संदीप सैनी ने कहा कि खुद के जन्मदिवस पर पौधारोपण करना अपने आप में एक सुखद अहसास होता है। उसके बाद उन पौधों की देखभाल कर वातावरण हराभरा रखना शानदार अहसास है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण समय की मांग है। सभी को अपने जन्मदिन, वर्षगांठ व अन्य आयोजनों पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। क्योंकि इससे हमारे आसपास की वायु शुद्ध होती है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ वातावरण तैयार हो सकेगा। मौके पर राजू गुप्ता, पुनीत सिंगला व दयाल सिंह आदि मौजूद थे।

निर्माण कार्य के लिए मिट्टी की स्थिति का अध्यन करना जरूरी: डॉ. यादव

- जियोटेक्निकल एक्सप्लोरेशन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से जियोटेक्निकल एक्सप्लोरेशन विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनआईटी के विषय विशेषज्ञ एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने जियोटेक्निकल एक्सप्लोरेशन की विभिन्न तकनीकों, बोरहोल जांच, मिट्टी के नमूने लेने व स्थल पर किए जाने वाले परीक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी निर्माण कार्य से पहले मिट्टी की स्थिति का अध्ययन करना सुरक्षित एवं मजबूत नींव के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। भूतकनीकी जांच भवनों एवं अन्य सिविल इंजीनियरिंग संरचनाओं की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भूतकनीकी इंजीनियरिंग के व्यावहारिक पहलुओं को विस्तार से समझाया।

सोलर सिस्टम लगवाने के नाम पर आधा दर्जन लोगों के साथ धोखाधड़ी

- आरोपी ने पीड़ति लोगों से हड़पे तीन लाख 17 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

फरकपुर थाना क्षेत्र में सोलर सिस्टम लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप सोलर वेंडर मैसर्ज बेस्ट हरियाणा के संचालक करनाल निवासी सुशील शर्मा पर लगा है। आरोपी ने सोलर सिस्टम लगवाने के नाम पर आधा दर्जन लोगों से तीन लाख 17 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जोड़ियां सब डिवीजन के एसडीओ ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि करनाल निवासी सुशील शर्मा ने सोलर वेंडर मैसर्ज बेस्ट हरियाणा के नाम से कंपनी बनाई हुई है। यह लोगों के घरों पर सोलर सिस्टम लगाने का काम करती है। आरोपी ने कैंप निवासी अक्षम देवी, फरकपुर निवासी दिगंबर सिंह, गुरप्रीत, हरनौली निवासी महेंद्र देवी, झिंझरों निवासी सुरेंद्र व कैंप निवासी सुरेश से सोलर सिस्टम लगवाने के नाम पर तीन लाख 17 हजार रुपये ले लिए। मगर आरोपी ने उनके घरों पर सोलर सिस्टम नहीं लगवाए। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जनगणना देश की विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण का है आधार: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। शिविर में जागरूक करती सीजेएम सुमित्रा कादियान।

जिला सचिवालय में जनगणना के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर जनगणना के कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्ग दर्शन किया।

मुख्यातिथि एवं नगराधीश पीयूष गुप्ता ने शिविर में सहभागिता की तथा उपस्थित प्रतिभागियों को जनगणना के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े जनसंख्या की वास्तविक स्थिति, नागरिकों की आवश्यकताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के विकास की प्राथमिकताओं को समझने में सहायक होते हैं। मौके पर डीएसओ राजकुमार हुड्डा, तहसीलदार रादौर अशोक कुमार, तहसीलदार जगाधरी अमित व तहसीलदार छछरौली आनंद रहे।

जिला स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में राजकीय स्कूल अलाहर ने पाया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। सरकारी स्कूल अलाहर में कार्यक्रम की जानकारी देते स्टाफ सदस्य।

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल अलाहर के छात्रों ने जिला स्तरीय लीगल लिटरेसी (कानूनी साक्षरता) 2026 प्रतियोगिता में पांचवें वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रिंसिपल मुकेश रोहिला ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में अलाहर स्कूल के मेधावी छात्र नंदिनी सिंह, अर्चित शर्मा व अंशिका कांबोज ने हिस्सा लिया और अपनी त्वरित सोच व ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने सभी विजेता छात्रों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और कानूनी जागरूकता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। छात्रों की इस उपलब्धि के पीछे शिक्षक प्रमोद भारती का कुशल मार्गदर्शन रहा जिन्होंने बच्चों को प्रतियोगिता के लिए उत्कृष्ट तरीके से तैयार किया। स्कूल स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सभी विजेता विद्यार्थियों व उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

रामलीला के पहले दृश्य में सीता की खोज में भटके श्रीराम व लक्ष्मण

बाली वध होते ही खुशी से झूम उठी सुग्रीव की सेना

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब द्वारा बाली वध व सुग्रीव के राजतिलक का किया गया दृश्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। तीर लगने से नीचे घायल पड़ा हुआ बाली।

ग्रामीण रामा ड्रामाटेकि क्लब द्वारा गांव नाचरौन में आयोजित की जा रही चौदह दिवसीय रालीलाला के नौवें दिन सुग्रीव मित्रता, बाली वध व सुग्रीव राज तिलक का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान बाली वध होते ही सुग्रीव की सेना खुशी से झूम उठी। बाद में सुग्रीव को राज तिलक देने के बाद रामलीला दृश्य मंचन को रात्रि विश्राम दिया गया। रामलीला के दृश्य मंचन में सबसे पहले दृश्य में श्रीराम व लक्ष्मण के सीता की खोज में वन में भटकना दिखाया गया। इस दौरान वन में घायल पड़े जटायु ने रावण द्वारा उसे युद्ध में घायल करने और माता सीता हरण करने की घटना सुनाई और अपने प्राण छोड़ दिए। जिसके बाद श्रीराम और लक्ष्मण जटायु का अंतिम संस्कार करने के बाद आगे बढ़ते हैं। जिसके बाद भगवान श्रीराम सुग्रीव को पहचान के लिए पुष्प माला पहनाकर दोबारा युद्ध करने के लिए भेजते हैं और युद्ध में इस बार बाली का वध हो जाता है। बाली वध के बाद सुग्रीव की सेना में खुशी की लहर दौड़ जाती है। मगर सुग्रीव भाई के गम में गमगीन हो जाता है। मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, राहुल राणा, निदेशक चंद्रपाल कोच व सेठपाल, रणधीर, मुकेश जेलदार, यशपाल राणा, दीपक, संदीप व यशपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

छठे दृश्य में बाली को सुग्रीव से युद्ध के लिए भेजा

तृतीय दृश्य में भगवान श्री राम की भिलनी से भेंट होने का दृश्य मंचन किया गया। इसके बाद दृश्य मंचन में श्रीराम व लक्ष्मण की भेंट हनुमान से होती है और वह एक दूसरे का परिचय जानने के बाद सुग्रीव के शिविर में पहुंचते हैं। पंचम दृश्य मंचन में भगवान सुग्रीव की व्यथा सुनकर उसके दुख को दूर करने का वचन देते हैं। छठे दृश्य में भगावन श्रीराम सुग्रीव को बाली से युद्ध के लिए भेजते हैं। सातवें दृश्य में बाली और सुग्रीव का युद्ध होता है। मगर इस दृश्य मंचन में सुग्रीव किसी तरह बाली से बचकर भगवान राम के पास पहुंचते हैं। वह भगवान राम को बाली वध नहीं करने का कारण पूछते हैं।

सेवा संकल्प अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर भाजपा जिला अध्यक्ष सपरा सम्मानित

- प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के पानीपत में श्याम कमल कार्यालय में आयोजित भाजपा संगठनात्मक की राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन राणा भी मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने सेवा संकल्प अभियान के तहत पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा को गदा भेंटकर सम्मानित किया गया। राजेश सपरा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला यमुनानगर में सभी कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री नरेन्द्र राणा, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, कार्यालय सचिव सतीश चौधरी, जिला आईटी प्रमुख शुभम दत्ता, जिला सोशल मीडिया प्रमुख विपिन साहनी, जिला कोषाध्यक्ष जगदीश विधार्थी, जिला सचिव अभिषेक अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

नवरात्र पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम, 500 सेवादार संभालेंगे व्यवस्था

भद्रकाली मंदिर में मां कात्यायनी का पूजन, चांदी की स्वर्णजड़ित पोशाक के होंगे विशेष दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्रीदेवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ में षष्ठी नवरात्र पर मां कात्यायनी का पूजन श्रद्धा और विधि-विधान से किया गया। शनिवार को मां भद्रकाली के विशेष दर्शनों को लेकर मंदिर में व्यापक तैयारियां की गई हैं। भक्तों के आग्रह पर मां को 2.25 किलोग्राम चांदी पर गोल्ड प्लेटिंग से तैयार विशेष पोशाक फिर से धारण कराई जाएगी। इसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इस अवसर पर डॉ. एमके मौदगिल, संयोजक सुनील वर्मा, पर्जन्य गौड़, अनिल अन्नू, रामपाल लाठर और हाकम चौधरी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दर्शन, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। मंदिर में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग लाइन व्यवस्था रहेगी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और गोद में छोटे बच्चों को लेकर आने वाली माताओं के लिए अलग सुगम दर्शन लाइन बनाई गई है। मंदिर परिसर में ठंडे पानी, कूलर और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था भी रहेगी। श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए मंदिर परिसर और जिंदल पार्क में निशुल्क पार्किंग उपलब्ध होगी। जिंदल पार्क से मंदिर तक मुफ्त ई-रिक्शा सेवा चलाई जाएगी। दर्शन व्यवस्था, भंडारे, जूताघर, स्वच्छता और प्रसाद वितरण सहित विभिन्न सेवाओं के संचालन के लिए 500 से अधिक सेवादारों की ड्यूटी दो शिफ्टों में लगाई गई है। मंदिर परिसर में पुष्प सज्जा भी की जा रही है। पं. सतपाल शर्मा ने श्रद्धालुओं से निर्धारित लाइन व्यवस्था का पालन करने और सेवादारों का सहयोग करने की अपील की, ताकि सभी भक्त सुगमता से मां के दर्शन कर सकें।


कुरुक्षेत्र। मंदिर में पूजा करते भक्तजन।

मंदिर में शनिवार को लगभग पूरे दिन भंडारे का आयोजन होगा। श्री दुर्गाष्टमी जागरण के अवसर पर प्रसाद वितरण की भी तैयारी की गई है। इससे पहले षष्ठी नवरात्र पर मुख्य पुजारिन शिमला देवी के सान्निध्य में प्रातःकालीन मंगला आरती हुई। षोडशोपचार पूजा में मां को शहद, लाल गुलाब और कमल के फूल अर्पित किए गए।

नवरात्र महोत्सव पर देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की आस्था



पिहोवा। शारदीय नवरात्र महोत्सव के चलते देवी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी है। शिवपुरी रोड स्थित गोबिंदानंद आश्रम, काली माता मंदिर, और मॉडल टाउन स्थित दक्षिणा काली पीठ मंदिर में माता की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ लग रही है। शुक्रवार को छठे नवरात्रे पर भक्तजन विभिन्न पूजा सामग्री के साथ मां कात्यायनी की आराधना कर अपने सुखमय जीवन की कामना करते नजर आए। हल्का कांग्रेस विधायक मनदीप सिंह चट्ठा का कहना है कि नवरात्रि पर्व बुराइयों को दूर कर सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। मां दुर्गा की आराधना का वास्तविक उद्देश्य केवल पूजा-पाठ करना ही नहीं, बल्कि अपने मन से क्रोध, अहंकार, लोभ, ईर्ष्या और द्वेष जैसे विकारों को दूर करना भी है। नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने कहा कि नारी को अपने जीवन से जुड़े निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। महिलाओं के विचारों और निर्णयों का सम्मान करना चाहिए। महिलाओं की भावनाओं को समझना और उनके निर्णयों का सम्मान करना एक सभ्य समाज की पहचान है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला का मानना है कि भारतीय धर्म परंपरा में दान, करुणा और परोपकार को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा के साथ भूखों को भोजन करवाना, जरूरतमंदों की सहायता करना और असहाय लोगों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। सेवा की भावना समाज में दया और मानवीय मूल्यों को मजबूत बनाती है। सुशांत भारती का कहना है कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां दुर्गा की श्रद्धापूर्वक उपासना करने से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है। मां दुर्गा शक्ति, साहस और ममता की प्रतीक हैं। मां की सच्चे मन से की गई आराधना व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में साहस और धैर्य प्रदान करती है। माता बगलामुखी मंदिर धनीरामपुरा के अग्रणी सेवादार एवं सरपंच विकल चौबे ने कहा कि नवरात्रि में 9 दिन का उपवास और पूजा जीवन में धैर्य और कठिन परिश्रम की आवश्यकता का प्रतीक है।

न्युज डायरी

शारदा रामलीला में हुआ हनुमान चौकी का मंचन



कुरुक्षेत्र। स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर मार्ग स्थित नेताजी सुभाष पार्क में गुरुवार रात्रि झांसा रोड चौक वाली जयश्री शारदा रामलीला एवं दशहरा सोसायटी की रामलीला में भीलनी शबरी द्वारा श्रीराम- लक्ष्मण का सत्कार, हनुमान जी की श्रीराम से प्रथम भेंट, राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध आदि प्रसंगों के दृश्य दिखाए गए। इस अवसर पर हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना के प्रतिनिधि गौरव सैनी, श्याम रावत, नगर परिषद थानेसर की चेयरपर्सन प्रतिनिधि मलकीत ढ़ांडा, व्यवसायी राकेश गर्ग, शारदा रामलीला के सहयोगी भारत भूषण शर्मा और अमन सैनी आदि अतिथियों ने श्रीराम आरती में हिस्सा लेकर अपना योगदान प्रदान किया। रामलीला के संरक्षक संजीव शर्मा पाण्डे, प्रधान कुलदीप सैनी और सचिव महिपाल धीमान ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ अतिथियों का स्वागत करके स्मृति चिन्ह प्रदान किया। रामलीला के मंच पर कलाकारों के अतिरिक्त अन्य प्रतिभावान कलाकारों ने भी अपनी कला के दृश्य दिखाए। महासचिव नरेश चौधरी ने बताया कि सरपरस्त दर्शनलाल सैनी के निर्देशन में मंच पर कलाकारों में राकेश ठाकुर ने शबरी,भूषण सैनी ने राम,शिव कुमार भटनागर ने लक्ष्मण,पीतांबर शर्मा ने हनुमान, राहुल सैनी ने सुग्रीव, मिंटू अग्रवाल ने बाली, रक्षित सैनी ने अंगद और परमिंदर सिंह पम्मा ने जामवंत का अभिनय किया।

हसला ने प्राध्यापकों की ड्यूटी निर्धारण पर उठाई मांगें



कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से मुलाकात कर प्राध्यापकों की ड्यूटी संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे। एसोसिएशन ने प्राध्यापकों के शैक्षणिक कार्यभार और पद की जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए गैर-शैक्षणिक ड्यूटियों का युक्तिसंगत निर्धारण करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में जिला संरक्षक डॉ. शीशपाल जांगड़ा, चेयरमैन सतबीर कौशिक, राज्य सचिव परमजीत कौर, जिला उपमहासचिव संदीप फोगाट, जिला महासचिव जयप्रकाश गागट, जिला उपप्रधान डॉ. रविदत्त, रामेश्वर दास, संजय राठी, ईएसएचएम अशोक कुमार सहित राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि प्राध्यापक शिक्षण कार्य के साथ प्रशासनिक और विभागीय जिम्मेदारियां भी निभाते हैं। ऐसे में गैर-शैक्षणिक कार्यों का संतुलित आवंटन जरूरी है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। एसोसिएशन ने जनगणना 2027 में प्राध्यापकों को एन्यूमरेटर के बजाय सुपरवाइजर स्तर की जिम्मेदारी देने पर विचार करने की मांग की।

श्रीअग्रवाल सभा एवं भाविप लाडवा ने लगाया रक्तदान शिविर



लाडवा। श्रीअग्रवाल सभा एवं भारत विकास परिषद लाडवा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को लाडवा के बाबा बंसीवाला वृद्धाश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 180 रक्तदाताओं के रक्तदान किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण आयुर्वेदिक अस्पताल कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें करीब 144 मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया। यह जानकारी प्रकल्प प्रमुख सुमित बंसल व डा.अमृत पाल गर्ग ने दी। शिविर में सुबह से ही इस रक्तदान के प्रति रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। रक्त संग्रहण टीम द्वारा लाए गए 180 रक्त बैग समाप्त होने के उपरांत रक्तदाताओं को मना किया गया। शिविर का शुभारंभ डा. विमल गर्ग, राकेश गोयल एवं अरविंद सिंघल द्वारा पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मुख्यातिथि डा. विमल गर्ग ने स्व. खेम चंद गोयल के साथ बिताए अपने जीवन के अनुभव भी सांझा किए।

स्वयंसेवकों को करियर विकल्पों के बारे दी जानकारी



थानेसर। श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा स्वयंसेवकों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा बारहवीं के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा भविष्य में रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान यश ने एनएसएस स्वयंसेवकों को कक्षा बारहवीं के बाद विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तथा रोजगार के अवसरों के बारे में समझाया और अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुसार सही करियर का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की जानकारी एवं समझ का आकलन करने के लिए उनसे विभिन्न प्रश्न भी पूछे गए।

राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर



पिहोवा। भारत विकास परिषद, शाखा पिहोवा की ओर से गीता मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति, संस्कारों तथा सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी मधुर गायन प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। जानकारी देते हुए विनय अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवनियुक्त अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अवनीत वड़ेच की माता लखविंदर कौर का भाविप एवं प्रधानाचार्य नरेश रानी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत समूहगान प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने सुरों की मधुरता, लय, तालमेल, अनुशासन और सामूहिक समर्पण से भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रप्रेम का सुंदर संदेश दिया। निर्णायक मंडल के निर्णय के आधार पर अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान, गीता मॉडल स्कूल ने द्वितीय स्थान तथा आर्बर ग्रोव स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

श्रीकृष्ण आयुष विवि के वैद्यों ने 160 का जांचा स्वास्थ्य

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान एवं कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा बाबा बंसीवाला वृद्धाश्रम, लाडवा में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आए अन्य लोगों ने भी स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में लगभग 160 वृद्धजनों एवं अन्य लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। इस दौरान रक्त एवं ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच कर निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं। शिविर में कायचिकित्सा विभाग से सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रीति गहलावत ने रक्तगत वात, मधुमेह, पेट दर्द, सीने में दर्द, सांस फूलने तथा पाचन संबंधी समस्याओं से पीड़ित रोगियों को उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया।

नवीन संग्रहालय के भवन निर्माण का भूमिपूजन

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान में नवीन संग्रहालय के निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा की गई। इसकी जानकारी देते हुए संस्थान के महाप्रबंधक सुधीर कुमार ने बताया कि विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु अनेक प्रकल्प देशभर में चलाए जा रहे हैं, जिनमें संस्कृति शिक्षा संस्थान में स्थापित संस्कृति एवं सरस्वती संग्रहालय के माध्यम से प्राचीन धर्मग्रंथ, अनेक कलाकृतियां, मूर्तियां, उत्खनन से प्राप्त विलुप्त हो चुके अनेक अवशेष स्थापित हैं। इन्हें और विस्तृत रूप देने के लिए संस्थान द्वारा एक नवीन संग्रहालय की स्थापना की जा रही है, जोकि अपने आप में विशेष होगा।

सांसद खेल महोत्सव में 1 नवंबर से 11 स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे खिलाड़ी



कुरुक्षेत्र। सांसद खेल महोत्सव का पोस्टर जारी करते जिंदल संस्थान के अधिकारी।

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2.0 का आयोजन किया जा रहा है।सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर 31 अक्तूबर को कुरुक्षेत्र में एमपी-11 तथा मीडिया-11 के बीच क्रिकेट मैच से सांसद खेल महोत्सव का आगाज किया जाएगा। सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में 1 नवंबर से सांसद खेल महोत्सव के नियमित मैच प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार आयोजन को पहले से अधिक भव्य बनाने की तैयारी है। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ नकद पुरस्कार जीतने का अवसर भी मिलेगा। इस बार सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, बॉक्सिंग, कुश्ती, शूटिंग, क्रिकेट, एथलेटिक्स और रस्साकशी सहित 11 खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन के पहले चरण में 1 से 20 नवंबर तक विधानसभा स्तर पर मुकाबले होंगे, जबकि दूसरा चरण 7 से 16 दिसंबर तक लोकसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

फार्मा क्विज में लक्ष्मी, तान्या व विशाल की टीम ने हासिल किया प्रथम स्थान



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (आईपीएस) द्वारा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के तत्वावधान में 14 से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह मनाया गया। इस वर्ष की थीम स्वच्छ भारत एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस रही। सप्ताह के अंतिम दिन विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल को परखने के लिए फार्मा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में एम.फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) की लक्ष्मी, तान्या और विशाल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.फार्मा सातवें सेमेस्टर की परिनीता, जैस्मिन और प्राची शर्मा की टीम दूसरे स्थान पर रही, जबकि तीसरे सेमेस्टर की तनुषी, वंशिका और कोमल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

मां-बेटी को करैत सांप ने डसा, 6 साल की बच्ची आईसीयू में भर्ती

शाहबाद। गांव गोरीपुर में रात को घर के अंदर सो रही मां-बेटी को कॉमन करैत सांप ने डस लिया। दोनों को उपचार के लिए आदेश मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छह वर्षीय आशमी की हालत पर डॉक्टर विशेष नजर रख रहे हैं। उसे आईसीयू में रखा गया है और अगले 48 घंटे तक निगरानी में रखा जाएगा। परिजनों के अनुसार, घटना रात करीब ढाई बजे की है। गांव में सब्जी की कंपनी में काम करने वाले सुनील ने बताया कि वह अपनी बेटी आशमी के साथ चारपाई पर सो रहा था। रात को बाथरूम से लौटने पर बेटी ने चारपाई पर सांप होने की जानकारी दी। घर में नवरात्र की ज्योत जल रही थी, जिसकी रोशनी में बच्ची को सांप दिखाई दिया। सुनील ने लाइट जलाकर देखा तो करीब तीन फुट लंबा सांप चारपाई पर था। तब तक सांप आशमी के पैर की अंगुली पर डस चुका था। सुनील ने सांप को उठाकर घर से बाहर फेंक दिया। इसके बाद पता चला कि उसकी पत्नी पूनम को भी सांप ने डस लिया है।

युवा संसद कार्यक्रम में 57 छात्राओं ने की सहभागिता

लाडवा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के करीब 57 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के पर्यवेक्षक डाइट पलवल से सीनियर लेक्चर डा.विद्याधन,डा. श्याम चरण, डा. रघुवीर तेगेजा व जज की भूमिका में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चढ़ूनी जाटान के प्राध्यापक राजनीतिक शास्त्र विजय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जघेडी के प्राध्यापक राजनीतिक शास्त्र सुखविंद्र उपस्थित रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य ने पर्यवेक्षक व जजो का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।



सामूहिक ओंकार महायज्ञ में डाली आहुतियां



लाडवा। शिवाला रामकुंडी परिसर में शुक्रवार को सामूहिक ओंकार महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ का आयोजन जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ व भगवान श्री ब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र की ओर से किया गया, जिसमें सद्गुरु स्वामी शक्ति देव महाराज कुरडी वाले द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूर्णाहुति डाली। महायज्ञ में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा समस्त आए हुए मुख्यातिथियों व यजमानों को अपने-अपने हवन कुंडो पर ओंकार महामंत्र के साथ आहुतियां डलवाई गई। सर्व प्रथम ओंकार ज्योति प्रज्ज्वलित कर गुरु वंदना, गणेश पूजन व नव ग्रह पूजन किया गया। मां के स्वरूप कन्याओं द्वारा ज्वाला ज्योति प्रचंड की गई। महायज्ञ का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए सतीश गगैण, जोगाध्यान लाडवा, सुरेन्द्र गोयल, कुमारी महक,रणवीर गुंदियानी ने निराकार परब्रह्म परमात्मा का ओंकार पूजन के साथ सामूहिक रूप में किया।

रामलीला में राम-हनुमान मिलन, बाली वध का मंचन



लाडवा। श्रीराम हनुमान रामलीला समिति द्वारा ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर स्थित रामलीला ग्राउंड में आयोजित रामलीला के बारहवें दिन राम-हनुमान मिलन, बाली वध सहित विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि फूड ग्रेन डीलर्स एसोसिएशन के प्रधान एवं मार्केट कमेटी के सदस्य समाजसेवी संजय गर्ग ने हनुमान की आरती करके किया। इस अवसर पर युवा अग्रवाल सभा के प्रधान हिमांशु गोयल के नेतृत्व में सभा के सदस्यों ने हनुमान की झांकी के समक्ष सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगी वृंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



हरियाणा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से 16 अक्टूबर को गुरुग्राम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार-2026 में कुरुक्षेत्र जिले का प्रतिनिधित्व विजडम वर्ल्ड स्कूल की छात्रा वृंदा गौड़ करेंगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर उन्होंने राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। सेमिनार का विषय 'इंडियन एनर्जी बास्केट 2047: प्रॉस्पेक्ट्स एंड चैलेंजेस' यानी 'भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047: संभावनाएं एवं चुनौतियां' रखा गया है। इस विषय के तहत प्रतिभागी भारत की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों, ऊर्जा सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों और इस क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। वृंदा गौड़ राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के समक्ष विषय पर अपनी प्रस्तुति देंगी। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और उन्हें देश के भावी ऊर्जा परिदृश्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। वृंदा के राज्य स्तरीय सेमिनार के लिए चयनित होने पर उनके परिवार और विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने वृंदा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह अपनी प्रस्तुति से जिले का नाम रोशन करेंगी।

लाडवा विधानसभा के 27 गांवों में बनेंगे आधुनिक सामुदायिक केंद्र : सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा



लाडवा। सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करती हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की सुविधा के लिए 27 गांवों में आधुनिक सामुदायिक केंद्रों का निर्माण करवाया जाएगा। इसी कड़ी में आज 4 सामुदायिक केंद्रों का शिलान्यास किया गया है। अब ग्रामीणों को अपने कार्यक्रमों के लिए शहर में महंगे पैलेस बुक करने की जरूरत नहीं होगी। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने शुक्रवार को गांव कनीपला, गांव बिहोली, बीड़ खैरी और दबखेड़ा में विधिवत भूमि पूजन कर सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि गांव कनीपला, बिहोली, बीड़ खैरी और दबखेड़ा में 65-65 लाख रुपए की राशि की लागत से अत्याधुनिक सामुदायिक केंद्र बनाए जाएंगे। ये सामुदायिक केंद्र गांव में मिनी पैलेस का काम करेंगे। इनमें शादी-समारोह, सामाजिक बैठकें, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित सभी प्रकार के आयोजन हो सकेंगे। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में गांवों के विकास को शहरों की तर्ज पर करवाया जा रहा है।



विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के प्रति किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र श्री दिनेश कुमार मित्तल जी के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की माननीय सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज जी के दिशानिर्देशानुसार राजकीय उच्च विद्यालय, सुंदरपुर, कुरुक्षेत्र में पॉक्सो एक्ट (बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012) के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की माननीय सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज जी ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों एवं उद्देश्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानून के अंतर्गत उपलब्ध संरक्षण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में बिना किसी भय के अपनी बात कहने तथा इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता एवं अन्य विधिक सेवाओं की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को बच्चों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता और सहयोग तंत्र के बारे में बताया गया।

किशोरों के स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव है जागरूकता : डॉ. राकेश भारद्वाज

स्वस्थ जीवनशैली व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक व गणमान्यजन।

अंतरराष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य सप्ताह 12 अक्टूबर से 18 अक्टूबर, 2026 के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अजराना कलां, कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य किशोर स्वास्थ्य अकादमी तथा भारतीय बाल रोग अकादमी, कुरुक्षेत्र व आरोग्य जनकल्याण ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र के सयुंक्त सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर विद्यालय के प्रिंसिपल सुनील कौशिक व उप-प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. राकेश सी.भारद्वाज हरियाणा राज्य किशोर स्वास्थ्य अकादमी के संस्थापक अध्यक्ष एवं भारतीय बाल रोग अकादमी कुरुक्षेत्र,आईएमए अध्यक्ष कुरुक्षेत्र, डॉ सुमन सेठी, आरोग्य जनकल्याण ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष एवं डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशल्टी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय शर्मा व भूषण शर्मा समाजसेवी प्रतिनिधि अंजू देवी सरपंच का स्वागत, अभिनन्दन व स्मृति स्वरूप औषधिय पौधे भेंट कर सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य सप्ताह 2026 का थीम हमारे बिना हमारे बारे में कोई निर्णय नहीं : सभी किशोरों के लिए शक्ति, आवाज और स्वास्थ्य में समानता के अनुरूप विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि किशोरों के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर उनकी आवाज, विचारों और आवश्यकताओं को भी समान महत्व मिलना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश सी. भारद्वाज ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें विकसित होने वाली आदतें व्यक्ति के भविष्य के स्वास्थ्य, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास की नींव रखती हैं। डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित यह 2143 वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रेरणादायी माध्यम बना।

मंच संचालन अंजू शर्मा ने किया

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कौशिक ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, बेहतर निर्णय लेने तथा मानवीय मूल्यों के साथ स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन अंजू शर्मा ने अत्यंत प्रभावशाली, सहज एवं आत्मीय शैली में किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं डॉ. सुनील कौशिक प्रिंसिपल,अंजू शर्मा उप-प्रधानाचार्या, मीनाक्षी शर्मा आरती, कविता रानी कश्मीरी लाल, राम निवास, सुमन मेहरा, सुखदेव, नीरज, जसबीर कौर, मोती राम, ज्ञान चंद, सुमन रानी, अमनदीप कौर, सुरेंदर कुमार, वीरेंदर शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

खबर संक्षेप

लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से हल करें

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जन-संवाद एवं समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निपटान करें। उपायुक्त शुक्रवार को अपने कार्यालय के सभागार में जनसंवाद एवं समाधान शिविर व पोर्टल के मध्यमों से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से इन विषयों के लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए ।

आयोग ने जारी किया वैधानिक परामर्श

अंबाला। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्रदेश के बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) में रहने वाले बच्चों की निजता, गरिमा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एक महत्वपूर्ण वैधानिक परामर्श जारी किया है। आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण द्वारा बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) अधिनियम, 2005 की धारा 13 (1) (ए) के तहत यह कदम उठाया गया है। आयोग के दौरों में यह बात सामने आई थी कि कई संस्थानों में सीसीटीवी सिस्टम को व्यक्तिगत मोबाइल फोन और लैपटॉप से जोड़ा गया है, जिससे लाइव फुटेज कहीं से भी एक्सेस, डाउनलोड या वायरल की जा सकती है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सीसीटीवी सिस्टम, उसकी फुटेज और पासवर्ड पर केवल संस्थान के प्रभारी का नियंत्रण रहेगा तथा सांझा पासवर्ड के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

अंबाला। अंबाला शहर हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार एक विशेष कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान का संचालन डीएलएसए की लीगल एड काउंसिल व पैनल अधिवक्ता अमिता वर्मा द्वारा शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कई महत्वपूर्ण विषयों और योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया।

ट्रैक की मरम्मत से चार ट्रेन एक माह के लिए रद्द

अंबाला। रेल मंडल के अंतर्गत ट्रैक रिन्यूअल का काम तेजी से चल रहा है। इसके तहत साहिबजादा अजीत सिंह नगर-करतोली रेल खंड में पीक्यूआरएस का विकास कार्य चल रहा है। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चार पैसेंजर ट्रेनों के निरस्तीकरण को आगे बढ़ा दिया है। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक ने आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। ट्रेन संख्या 64517 अंबाला-नंगलडैम मेमू अब 14 नवंबर 2026 तक पूरी तरह रद्द रहेगी जबकि पहले इस ट्रेन को 15 अक्तूबर तक रद्द रखने का फरमान जारी किया गया था।

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन की तैयारी, बनाई जाएंगी रस्सियों की कतारें

अंबाला। दशहरा, दीपावली और छठ पूजा पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने स्टेशनों पर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की विशेष तैयारी की है। यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के दौरान धक्का-मुक्की और भगदड़ जैसी स्थिति से बचाने के लिए प्लेटफॉर्म और फुट ओवरब्रिज पर रस्सियों से कतारें बनाई जाएंगी। वहीं, भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए 24 घंटे अधिकारी तैनात रहेंगे। आरपीएफ और जीआरपी संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगी। अंबाला मंडल में यह विशेष व्यवस्था 16 अक्तूबर से 15 नवंबर तक लागू रहेगी। उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल ने अंबाला कैंट, चंडीगढ़, सहारनपुर, सरहिंद और बठिंडा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। अपर मंडल रेल प्रबंधक देवेंद्र सिंह मीणा की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत अधिकारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई। अधिकारी नियमित रूप से स्टेशनों का निरीक्षण करेंगे और क्राउड कंट्रोल व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो व रिपोर्ट साझा करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

धान की बोरियां सुखाने, पलटने और दोबारा ढेर लगाने का बढ़ेगा खर्च

बरसात से मंडियों में धान खराब, गीली बोरियों में अनाज अंकुरित का खतरा, आढ़तियों की चिंता बढ़ी

- आढ़ती बोले-नुकसान की भरपाई करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बेमौसमी बरसात ने अनाज मंडियों में धान की खरीद और भंडारण व्यवस्था को लेकर आढ़तियों की चिंता बढ़ा दी है। मंडियों में सरकारी खरीद के तहत भरी गई धान की बोरियां बारिश के कारण गीली हो रही हैं। यदि समय रहते इन बोरियों को सुखाने और सुरक्षित रखने की व्यवस्था नहीं की गई तो धान में नमी बढ़ने के साथ-साथ उसके खराब होने और बोरियों के अंदर ही धान के अंकुरित होने का खतरा पैदा हो सकता है। इससे जहां सरकारी अनाज की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। इसकी वजह से आढ़तियों पर भी लाखों रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

आढ़तियों पर रखरखाव की जिम्मेदारी

आढ़तियों का कहना है कि किसान अपनी फसल मंडी में बेचकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद घर लौट जाता है। इसके बाद धान की बोरियों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी तब तक आढ़ती पर बनी रहती है, जब तक संबंधित राइस मिलर धान का उठान नहीं कर लेता। इस दौरान बारिश, नमी और मौसम की अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों से धान को बचाने के लिए आढ़तियों को लगातार मेहनत करनी पड़ती है। आढ़तियों के अनुसार, जब सरकार की ओर से मंडी में धान की खरीद और नीलामी की प्रक्रिया पूरी करवाई जाती है, तभी धान को बोरियों में भरने और आगे उठान के लिए तैयार करने का काम किया जाता है। इसके बावजूद उठान में देरी होने पर धान की बोरियों को सुरक्षित रखने का व्यावहारिक बोझ आढ़तियों पर पड़ता है। उनका कहना है कि बरसात जैसी प्राकृतिक परिस्थितियां किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। ऐसे में यदि सरकारी खरीद के तहत रखा गया धान बारिश के कारण प्रभावित होता है और उसे बचाने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है, तो इसकी जिम्मेदारी तय करने के लिए सरकार को स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। विशेष रूप से उन मामलों में राहत दी जानी चाहिए जहां आढ़ती की लापरवाही के बजाय बारिश और उठान में देरी के कारण नुकसान हुआ हो।



अंबाला। बरसात की वजह से खराब हो रही धान की बोरियां। फोटो: हरिभूमि

बोरियां सुखाने, लगाने का बढ़ेगा खर्च

बरसात के कारण मंडियों में रखी धान की बोरियों को बचाने के लिए आढ़तियों को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ सकती है। गीली बोरियों को सुखाना, उन्हें पलटना, दोबारा ढेर लगाना और धान को नमी से बचाने के इंतजाम करना आसान काम नहीं है। इस पूरी प्रक्रिया में मजदूरी, समय और अन्य संसाधनों पर अतिरिक्त खर्च होगा। आढ़तियों की चिंता यह भी है कि यदि धान में नमी बढ़ गई या बोरियों के भीतर धान अंकुरित होना शुरू हो गया तो उसकी गुणवत्ता खराब हो सकती है। इससे सरकारी स्टॉक को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ मंडी में काम करने वाले आढ़तियों के सामने आर्थिक और प्रशासनिक परेशानियां भी खड़ी हो सकती हैं। आढ़तियों का सवाल है कि जब धान की खरीद सरकार की व्यवस्था के तहत होती है और आगे उसका उठान संबंधित राइस मिलर द्वारा किया जाना होता है तो उठान होने तक मौसम से फसल को सुरक्षित रखने का पूरा आर्थिक बोझ आढ़तियों पर क्यों डाला जाए।

स्थायी व्यवस्था बनाने की मांग

आढ़तियों ने सरकार से मांग की है कि बरसात के कारण धान की बोरियां सुखाने, पलटने और दोबारा व्यवस्थित करने पर होने वाले अतिरिक्त खर्च की भरपाई की जाए। यदि धान की गुणवत्ता बारिश के कारण प्रभावित होती है, तो नुकसान का निष्पक्ष आकलन करवाकर उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही मंडियों में खरीदे गए धान का समय पर उठान सुनिश्चित करने, बोरियों को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम करने और प्राकृतिक आपदा के कारण होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी तय करने के लिए स्पष्ट नियम बनाने की मांग भी उठाई जा रही है। आढ़तियों का कहना है कि वे किसानों की फसल की खरीद और मंडी व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन मौसम की मार और उठान में देरी के कारण होने वाले लाखों रुपये के संभावित नुकसान को अकेले सहन करना उनके लिए मुश्किल होगा। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से विचार कर आढ़तियों को राहत देनी चाहिए, ताकि मंडियों में धान की खरीद, भंडारण और उठान की व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे।



बराड़ा। अनाज मंडियों का दौरा करते हुए विधायक पूजा। फोटो: हरिभूमि

समय पर भुगतान न मिलने से किसानों की बढ़ रही परेशानी

- कई अनाजमंडियों का दौरा कर किसानों से की बातचीत, बोली सरकार के तमाम दावे खोखले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

धान खरीद सीजन में किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कहीं फसल सत्यापन अधूरा है तो कहीं धान का उठान नहीं हो रहा। समय पर भुगतान न मिलने से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। कांग्रेस विधायक पूजा ने शुक्रवार को अनाज मंडियों का दौरा करने के बाद सरकार पर य आरोप लगाए हैं। उन्होंने मंडियों में किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि किसानों को राहत देने के दावों के बीच जमीनी स्तर पर समस्याएं बरकरार हैं। विधायक पूजा ने कहा कि फसल सत्यापन पूरा नहीं होने के कारण किसानों को धान बेचने में दिक्कत आ रही है। मंडियों में उठान की रफ्तार धीमी होने से भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार जे-फॉर्म कटने के 72 घंटे के भीतर भुगतान होना चाहिए, लेकिन खरीद प्रक्रिया में आ रही बाधाओं के कारण किसानों को उनकी मेहनत की कमाई समय पर नहीं मिल रही। अगली फसल की बिजाई नजदीक है और किसानों को खेती के खर्च पूरे करने के लिए पैसों की जरूरत है।

26 क्विंटल प्रति एकड़ की शर्त पर उठाए सवाल

विधायक ने सरकार की ओर से प्रति एकड़ 26 क्विंटल धान बेचने की सीमा पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसान अपने खेत में जितनी फसल पैदा करता है, उसकी पूरी खरीद सुनिश्चित की जानी चाहिए। ऐसी शर्तों के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार को नियमों के नाम पर किसानों की उपज की खरीद में बाधाएं पैदा करने के बजाय उनकी पूरी फसल खरीदने की व्यवस्था करनी चाहिए।

आढ़तियों की कमीशन भी लंबित होने का आरोप

पूजा ने आढ़तियों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले सीजन की कमीशन का भुगतान भी लंबित है। उनके अनुसार, पहले आढ़तियों को ढाई प्रतिशत कमीशन मिलता था, जिसे घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने सरकार से लंबित कमीशन का जल्द भुगतान करने और आढ़तियों के हितों की अनदेखी बंद करने की मांग की। विधायक ने उगाला, सरदेहड़ी, केसरी और तलहेड़ी गुजरान की मंडियों में फसल सुखाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि फड़ की कमी के चलते किसानों को मंडियों से बाहर धान सुखाना पड़ रहा है। इसके बाद फसल को दोबारा मंडी तक लाने में अतिरिक्त मेहनत और खर्च उठाना पड़ता है। कई किसानों को फसल की दुलाई के लिए दोगुना मेहनताना देना पड़ रहा है ।

प्रधान सचिव ने दो मंडियों का किया मुआयना

- खुद जांचा बोरियों का तोल, फसल में नमी को भी किया चेक, अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

खाद्य आपूर्ति एवं नियंत्रक की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार ने शुक्रवार को अंबाला शहर व छावनी में अनाजमंडियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धान की आवक, खरीद कार्य, उठान का कार्य के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर उपायुक्त सचिन गुप्ता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, मार्केट कमेटी चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, बलविन्द्र सिंह शाहपुर, मंडी एसोसिएशन के प्रधान मक्खन गोयल, मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग व अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। प्रधान सचिव ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले अंबाला छावनी अनाज मंडी का दौरा किया।



अंबाला। अपने सामने धान की बोरी का तोल करवाती प्रधान सचिव। फोटो: हरिभूमि

ये रहे मौजूद

प्रधान सचिव ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों की फसलों का एक-एक दाना खरीदने का काम किया जाएगा। किसानों के साथ आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी दी जाएगी। मौके पर उप चेयरमैन गुलशन कालड़ा, मंडी एसोसिएशन के प्रधान अजय गर्ग, आढ़ती संजय गर्ग, डीएम हैफैड प्रदीप हुड्डा, डीएफएससी जितेश गोयल, जिला खेल अधिकारी रामस्वरूप, मार्केट कमेटी सचिव दलेल सिंह, व नीरज भारद्वाज भी मौजूद रहे।



19 से 23 तक फल उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण

पंचकूला। फल उत्पादन तकनीक पर होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्यान प्रशिक्षण संस्थान उचानी करनाल में आगामी सप्ताह में 19 से 23 अक्तूबर 2026 तक फल उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इच्छुक किसान उद्यान विभाग के कौशल पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फल उत्पादन की महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत करवाया जाएगा। जिसमें बाग स्थापना, कटाई-छटाई, सिंचाई, खाद, कीट एवं रोग प्रबंधन व विभाग अनुदान योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा प्रशिक्षण के दौरान किसानों को विभाग के फल केंद्रों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान किसाानों के लिए खाने- पीने व ठहरने की व्यवस्था पूर्णतः निशुल्क रहेगी। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को प्रथम दिन अपने जिला से संस्थान तक एवं अंतिम दिन संस्थान से अपने जिला तक हरियाणा रोडवेज की सामान्य बस का किराया भी दिया जाएगा। अधिक से अधिक किसान इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आकर फल उत्पादन तकनीकों की जानकारी लेकर लाभ ले सकते हैं।

बिना नंबर प्लेट वाहनों को नहीं मिलेगा तेल

अंबाला। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन ने एक बड़ा निर्णय लिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर बिना वैध पंजीकरण संख्या (नंबर प्लेट) वाले वाहनों को पेट्रोल, डीजल, सीएनजी या अन्य कोई भी ईंधन बेचने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार असामाजिक एवं आपराधिक तत्व बिना नंबर प्लेट के वाहनों का उपयोग चोरी, डकैती, गोलीबारी और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए कर रहे हैं।
वारदात को अंजाम देने के बाद ये अपराधी मौके से फरार हो जाते हैं जिससे पुलिस और एजेंसियों के लिए वाहनों और अपराधियों की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।
सार्वजनिक सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। अब सभी पेट्रोल पंप मालिकों, प्रबंधकों, ऑपरेटरों और कर्मचारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया गया है।

बच्चों ने रामलीला से दिया अच्छाई की जीत का संदेश

- शेमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

शेमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने रामलीला का शानदार मंचन कर सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रामायण की कथा को शुरुआत से अंत तक बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान सहित विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाई। संवादों और अभिनय के साथ बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां भी दीं। नन्हे कलाकारों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को दशहरे के धार्मिक एवं नैतिक महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि यह पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने, सत्य के मार्ग पर चलने और अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया गया।



बराड़ा। रामलीला का मंचन करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम | श्रीरामा ड्रॉमेटिकल क्लब की रामलीला में हनुमान की भव्य झांकी प्रस्तुत की

हनुमान की भव्य झांकी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मन्नतें पूरी होने पर नतमस्तक हुए श्रद्धालु

पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा

- श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

श्रीरामा ड्रॉमेटिकल क्लब की रामलीला में हनुमान की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई ।यहां आयोजित रामलीला मंचन के दौरान हनुमान की भव्य झांकी निकाली गई। इसमें दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने हनुमान के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। हनुमान की 108 दीपकों से भव्य आरती की गई। इसके बाद हनुमान की आरती और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस अवसर पर हनुमान को 251 लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके अलावा 51 किलो दूध की खीर, 51 किलो फल और मिठाई का प्रसाद तैयार किया गया जिसे भक्तजनों में वितरित किया गया।इस अवसर पर शिव धाम गौरी ताल मंदिर, श्याम युवा मंडल, माता बाला सुंदरी मंदिर, बालाजी निष्काम सेवा समिति, बालाजी सेवा समिति, शिव शक्ति सेवा समिति तथा बनी वाले हनुमान समिति सहित विभिन्न धार्मिक संगठनों का सहयोग रहा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। हनुमान की भव्य झांकी के दर्शन करने के लिए रामलीला परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। भक्तों में झांकी को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और सभी के कल्याण की प्रार्थना की।



मुलाना। हनुमान की झांकी पर मत्था टेकते लोग। फोटो: हरिभूमि

माथा टेककर हनुमान का आशीर्वाद लिया

इस दौरान धनीराम सैनी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई। झांकी के दौरान ऐसे अनेक श्रद्धालु दरबार में पहुंचे जिन्होंने हनुमान के समक्ष अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर सुखना की थी। श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेककर हनुमान का आशीर्वाद लिया और प्रसाद अर्पित किया। इसके बाद खीर, लड्डू, मिठाई और फल का प्रसाद सभी भक्तजनों में वितरित किया गया।